आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 14.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा एक दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंचे। प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में पूर्व सैनिक रोजगार मेले का शुभारंभ किया।
- शहरी विकास सचिव नीतेश कुमार झा ने हरिद्वार कुंभ–2027 की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- आगामी 21 फरवरी से उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की चम्पावत जिले में तैयारी पूरी। पांच हजार 356 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

<u>जे.पी. नड्डा</u>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज एक दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। आज दोपहर श्री नड्डा प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कमलेश रमन ने बताया कि यह बैठक संगठन की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। ऐसी बैठकों में पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों की समीक्षा की जाती है और यह आकलन किया जाता है कि सरकार की योजनाएं किस प्रकार जनता तक पहुंच रहीं हैं।

<u>रोजगार मेला</u>

देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड में रक्षा मंत्रालय द्वारा पूर्व सैनिक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने रोजगार मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि आज स्वरोजगार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें और स्वरोजगार के क्षेत्र में सक्रिय हों।

कार्यक्रम में 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाकर पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

सरस मेला रुद्रपुर

ऊधम सिंह नगर जिला प्रशासन ने रुद्रपुर में आयोजित हो रहे दस दिवसीय सरस मेले की तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज शाम मेले का उद्घाटन करेंगे। साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि सरस मेले में हर दिन विभिन्न विषयों पर गोष्ठियां, प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कुंभ व्यवस्था निरीक्षण

हरिद्वार में अगले साल होने वाले कुंभ मेले को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में शहरी विकास सचिव नीतेश कुमार झा ने हरिद्वार में कुंभ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीआर टावर स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस हाईटैक कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी, ताकि सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके बाद शहरी विकास सचिव ने हर की पैड़ी क्षेत्र में जिला प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा इंतजाम, भीड़ नियंत्रण, सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार कुंभ मेले को पूरी तरह सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बोर्ड परीक्षा/चम्पावत

आगामी 21 फरवरी से 20 मार्च तक होने वाली उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की चम्पावत जिले में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि इस वर्ष जिले से 5 हजार 356 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 2 हजार 879 और इंटरमीडिएट के 2 हजार 477 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए 44 केंद्र बनाए गए हैं।

सेवानिवृत्त सैनिक सम्मेलन

पिथौरागढ़ जिले के जाजरदेवल स्थित भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल की 14वीं वाहिनी की ओर से पूर्व सैनिकों के सम्मान में सेवानिवृत्त सैनिक दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने अपने सेवा काल के अनुभव साझा किए, जिससे वर्तमान जवानों और अधिकारियों को प्रेरणा मिली। इस दौरान वाहिनी के कमांडेंट राम भरत सिंह कुशवाहा ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके स्तर से हर संभव प्रयास किए जाएंगे।